टेट पास प्रशिक्षुओं को अब जल्द मिलेगी शिक्षक की नौकरी

जेबीटी टेट पास प्रशिक्षुओं को नौकरी मिलेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने साक्षात्कार की तिथि तय कर दी है। यह साक्षात्कार 29 से 30 अगस्त तक उपनिदेशक शिक्षा कार्यालय चंबाघाट में होंगे। इसमें 45 पदों को भरा जाना है। लेकिन टेट पास प्रशिक्षुओं की संख्या सैकड़ों में है। इसका आयोजन हिमाचल प्रदेश प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है।

कनिष्ठ बुनियादी प्रशिक्षित अध्यापकों के पदों को टेट पास मेरिट के आधार पर जिला स्तर पर भर्ती हो रही है। उपनिदेशक प्रारंभिक चंद्रेश्वर शर्मा ने बताया कि इस साक्षात्कार के लिए प्रार्थी ने मान्यता प्राप्त संस्थान से दो सालों का जेबीटी या समकक्ष डिप्लोमा नवीनतम भर्ती एवं पदोन्नति नियम 23 अगस्त 2012 के पैरा 7 में वर्णित शैक्षणिक योग्यता अर्जित की होनी चाहिए। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई अध्यापक पात्रता पास की हो, पार्थी का नाम संबंधित जिला के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इन पदों को मुख्य 8910 प्रतिमाह के आधार पर भरा जाएगा।

साक्षात्कार के लिए विवरण

सामान्य वर्ग से टेट में 90 से 150 अंक हासिल करने वाले साक्षात्कार 29 अगस्त को और आरक्षित वर्ग के 83 से 150 अंक हासिल करने वालों के इंटरव्यू 30 अगस्त को होंगे। बताया कि 29 और 30 अगस्त को सुबह 11 बजे प्रार्थियों को अपने मूल दस्तावेजों तथा सभी प्रमाणपत्रों की सत्यापित छाया प्रतियां और अपनी दो नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो सहित साक्षात्कार/ काउंसलिंग के लिए उपनिदेशक शिक्षा (प्रारंभिक) चंबाघाट स्थित कार्यालय में उपस्थित होना होगा। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्र्थी तय तिथि और समय पर नहीं आएगी वह इन पदों के लिए मान्य नहीं होगा।

श्रेणी आधार पर पदों का ब्योरा

वर्ग	अनारक्षित	विकलांग	स्पोर्ट्स	आश्रित	भूतपूर्व सैनिक	आईआरडीपी
सामान्य	09	02	02	01	06	02
अजा	03	01	-	-	02	02
अजजा	02	-	-	-	-	01
अपिव	06	-	-	01	01	02